

# युवक को चाकू से गोदा

## पुलिस की हिरासत में 3 संदिग्ध



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 05 मार्च. निशातपुरा के बेस्ट प्राइस इलाके में एक 21 वर्षीय युवक की चाकू से मार कर हत्या कर दी गई. बुधवार देर रात को अज्ञात बदमाशों ने युवक के शरीर पर कई बार वार किया. निशातपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है. तीन संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है.**

> सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि अरविंद की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. संदिग्ध विश्वकर्मा नगर निवासी बताए जा रहे हैं. पुलिस के सामने यह भी जानकारी सामने आई है कि अरविंद को एक आटो से सड़क पर फेंका गया था. बताया जा रहा है कि बेस्ट प्राइस तिराहे पर स्थित फव्वारे के पास अरविंद को उल्टा पड़ा देखा गया. उसकी शर्ट भी गायब थी और पेट पर चाकू का घाव होने से सड़क पर खून बह रहा था. मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है. निशातपुरा थाना पुलिस फिलहाल जांच करते हुए हत्या की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही है.

**▸ कपड़े की दुकान पर सेल्समैन था युवक**

मिली जानकारी के मुताबिक अरविंद मीणा उर्फ छोटू निवासी प्रताप नगर होली के दिन अपने दोस्त विशाल ठाकुर उर्फ भूरा और सचिन के साथ घर से निकला था. इस बीच अरविंद पर चाकू से हमले की जानकारी परिजनों को मिली. अरविंद को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. अरविंद के शरीर पर चार से पांच जगह गहरे चाकू के घाव होने की बात सामने आई है. गुरुवार को शव का पीएम कराते हुए पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया.

निशातपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है. पुलिस तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है. अरविंद के दोस्तों के बयान भी लिए जा रहे हैं. बताया जा रहा है कि अरविंद एक कपड़े की दुकान पर सेल्समैन का काम करता था.

## ▶ रंग खेलते हुए प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल. ऐशबाग थाना क्षेत्र में रंग खेलते हुए एक प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई. गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक 25 वर्षीय कृष्णा नायक निवासी ऐशबाग बुधवार को अपने दोस्तों के साथ रंग खेल रहे थे. कृष्णा ने अपने दोस्तों के साथ भांग भी पी थी. जश्न मनाते हुए कृष्णा जब डांस कर रहे थे. इस बीच उन्हें घबराहट महसूस हुई और वह सीधे कमरे की तरफ गए और बेहोशी की हालत में वहीं गिर गए. मौजूदा दोस्तों ने ही मौके पर कृष्णा को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. ऐशबाग थाना पुलिस की शुरुआती जांच में कृष्णा की मौत हार्ट अटैक से होना आई है. पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच का एंगल आगे बढ़ाएगी. बताया जा रहा है कि रंग खेलते हुए कृष्णा ने एक लीटर दूध में भांग की 6 गोली डाली थी और इसे खुद ही पी गए थे. कृष्णा नायक ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और एक निजी कॉलेज में बतौर प्रोफेसर नियुक्त थे. इसके साथ ही वह कोचिंग संस्थान में भी छात्रों को पढ़ाते थे. फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है.

# दो सफाईकर्मियों की मौत पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 05 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इंदौर में सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया है.**



यह घटना 2 मार्च को शहर के चोइथराम अस्पताल गेट के पास एक सीवर चेंबर की सफाई के दौरान हुई, जिसमें सफाई कर्मचारी करण और अजय की मौत हो गई. इंदौर लगातार आठ बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित हो चुका है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने वाले सफाई कर्मियों को अक्सर पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बिना ही सीवर में उतरने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ती है. उन्होंने मृतक कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी तथा घायल कर्मचारियों को मुफ्त इलाज के साथ 25-25 लाख रुपये की सहायता देने की मांग की.

# वार्ड 71 और 74 में नहीं हैं वार्ड प्रभारी

## कैसे हो राजस्व की वसूली, घर-घर वसूली अभियान हो रहा है प्रभावित

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 5 मार्च. नगर निगम राजस्व वसूली को लेकर विशेष अभियान चला रहा है, जिसके लिए अवकाश के दिनों में भी वार्ड कार्यालय खोलने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए हैं. नगर निगम के दो वार्ड ऐसे हैं जो बिना प्रभारी के चल रहे हैं.**

**▸ वार्डवासी हो रहे परेशान**

इन दोनों वार्डों में एक महीने से किसी को वार्ड प्रभारी पदस्थ नहीं किया गया, जो जोन 11 का वार्ड 71 और जोन 16 का वार्ड 74 है. बिना वार्ड प्रभारी के इन वार्डों की राजस्व वसूली पूरी तरह से प्रभावित हो रही है. वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब 25 दिन ही बचे हैं. राजस्व का लक्ष्य अभी बहुत दूर है. ऐसे समय में वार्ड को बिना प्रभारी के रखना नगर निगम की राजस्व वसूली को प्रभावित करना है. नगर निगम के द्वारा प्रतिवर्ष राजस्व वसली के लिए जनवरी माह से सख्ती की जाती है, जो मार्च के अंतिम दिन तक चलती है. इस दौरान नगर निगम के वार्ड प्रभारी वसूली के लिए मोबाईल से संपर्क करते हैं और राजस्व वसूली के लिए कर्मचारियों को घर-घर भेजा जाता है. तब कहीं नगर निगम अपनी राजस्व के लक्ष्य को पूरा कर पाता है. जब वार्ड प्रभारी ही नहीं है तो घर-घर वसूली अभियान प्रभावित होता है.

> **इनका कहना है**
>
> वार्ड प्रभारी की पदस्थापना निगमायुक्त के द्वारा होती है. मैंने वरिष्ठों को जानकारी दे दी है. अभी वार्ड प्रभारी 72 को प्रभार दे दिया है.
>
> **रजनीश श्रीवास्तव, जोन प्रभारी 16, नगर निगम, भोपाल**



**टक्कर में ऑटो क्षतिग्रस्त**

भोपाल रेलवे स्टेशन के एक नंबर की तरफ जाने वाले ब्रिज पर गुरुवार को दोपहर बाद दो वाहनों की तेज टक्कर हो गई. इस हादसे में चालकों को चोटें आई है.




# ननि ने हटाया अतिक्रमण

## शहर के अलग-अलग हिस्सों में कार्रवाई

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 05 मार्च.** नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक अमले ने गुरुवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. यह सभी अतिक्रमण शहर के बाजारों और मुख्य मार्गों पर किया, जिनकी वजह से आम लोगों और वाहन चालकों को परेशानी होती थी.

निगम की टीम ने कोलार डी मार्ट, सनखेड़ी, सलैया, ललिता नगर, सर्वधर्म कालोनी, बंसल हास्पिटल, राहुल नगर, भारत माता चौराहा, भदभदा, नीलबड़, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, सेकेंड स्टॉप, लिंक रोड नं0-1,2,3, होशंगाबाद रोड अहमदपुर नहर, एमपी नगर जोन-01, एम.पी. नगर गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स, अयोध्या एक्सटेंशन एवं पार्क, प्रभात चौराहा, ओल्ड सुभाष नगर, अशोका गार्डन, पुष्पा नगर, चांदबड़, रॉयल मार्केट, पीरगेट, इमामी गेट, हमीदिया अस्पताल गेट नं.-1, नदीम रोड, मिन्टो हॉल, जहांगीराबाद चौराहा, बैरागढ़ चंचल चौराहा पर कार्रवाई की. यहां से अवैध चबूतरे, स्लेब को तोड़ा. वहीं ईंटे, होली के टेंट, गन्ने की चरखी, कॉरिडोर में रखा सामान, वाहन, 3 हाथ ठेले जब्त किए

> **अमले ने 41 जल के नमूने लिए**
>
> भोपाल, 05 मार्च. नगर निगम अमले ने गुरुवार को झुग्गी बस्तियों सहित शहर से जल के परीक्षण के लिए 41 स्थानों से जल के नमूने लिए, जिनको निगम की 8 परीक्षण शालाओं में गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच परीक्षण के लिए भेजा गया. इसी क्रम में शहर में पानी की क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों में सुधार का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते 36 स्थानों पर लीकेज सुधारे गए.

## एक नजर में



### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण रंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में गुरुवार को एएसजी नेत्र चिकित्सालय एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया. इसमें लगभग 100 से अधिक कार्मिकों ने नेत्र परीक्षण करवाया. इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने जांच शिविर का अवलोकन किया एवं चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया. चीफ मेडिकल आफिसर डॉ. एके गोयल के निर्देशन एव देखरेख में आयोजित जांच शिविर में जिन लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, उन्हें नि: शुल्क दवाइयां दी गईं. साथ ही जिन लोगों को मोतियाबिंद कंफर्म हुआ, उन्हें राज्य शासन द्वारा अनुमोदित अस्पताल में रैफर किया गया.



### ऑटो-बाइक की टक्कर में 1 घायल

**भोपाल.** रोशनपुरा चौराहे पर तेज रफ्तार में रेड लाइट के दौरान एक सवारी से ऑटो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में ऑटो पलटने से सवारी सहित चालक को गंभीर चोटें आई है.



### मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले पर जुर्माना

**भोपाल.** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने गुरुवार को शहर में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की, जिसमें 20 हजार रुपये की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किए. यह कार्रवाई मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले पर की गई. नगर निगम के जोन 18 के वार्ड 80 के कोलार से जागरण कॉलेज कलियासोत रोड किनारे मेडिकल वेस्ट पड़ा पाया गया, जिस पर अमले द्वारा मेडिकल वेस्ट की जांच की गई. जांच के दौरान मेडिकल वेस्ट से फेंकने वाले का पता ढूंढ निकाला गया, जो दानिश कुंज स्थित रमैया मेडिकल स्टोर का पाया गया.

# फरार ठग दुल्हन को भेजा जेल

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 05 मार्च. बैरसिया पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर रूपये लेकर फरार होने वाली दुल्हन को गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया.**

पुलिस के मुताबिक फरियादी दशरथ सिंह बघेल निवासी ग्राम मेगरा कलां ने रिपोर्ट दर्ज कराई. दशरथ ने पुलिस को बताया कि उसकी गोपालसिंह मीणा से शादी कराने की बात की गई थी. गोपाल ने अपने साथियों के साथ योजना बनाते हुए 26 जनवरी को शादी के लिए लड़की दिखाई. उन्होंने बताया कि लड़की का नाम शिवानी कुशवाह है, जो कटनी की रहने वाली है और गरीब परिवार की है.

गोपाल ने कहा कि शादी के लिए रुपये व रकम देने की बात भी कही. दशरथ गोपाल के झांसे मे आ गया और उसने लड़की के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाए बिना शादी के लिये हां कर दी. 29 जनवरी को गोपाल अपने साथियों सहित लड़की को लेकर दशरथ के घर पहुंचा. गोपाल व उसके साथियों के जाते ही लड़की ने पेट दर्द का बहाना बनाया और ईलाज कराने के लिए अस्पताल लेकर चलने दशरथ से कहा. दशरथ उसे बैरसिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां लड़की के साथी पहले से ही इंतजार कर रहे थे.

**▸ शादी का झांसा देकर की थी ठगी**

मौका देखकर शिवानी अपने साथियों के साथ फरार हो गई. पीड़ित के पास सभी आरोपियों के फोटो थे. इन्हीं के आधार पर लड़की और उसके साथी बैरसिया बस स्टैंड पर मिले. पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई. आरोपियों की तलाश करते हुए पुलिस ने गिरफ्तारी की. कोर्ट के आदेश पर लुटेरी दुल्हन को जेल भेजा दिया है.

## जनगणना के लिए प्रशिक्षण 12 को

**भोपाल.** जनगणना विभाग द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा. यह प्रशिक्षण 12 मार्च को ग्रामीण क्षेत्र और 16 मार्च को नगर निगम के अधिकारियों को दिया जाएगा. जनगणना के लिए यह दूसरे चरण का प्रशिक्षण है. द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका के साथ-साथ सीएमएमएस पोर्टल पर हेन्डस ऑन का अभ्यास भी कराया जाएगा. प्रशिक्षण ग्रामीण के लिए 12 मार्च वहीं शहरी क्षेत्र के लिए 16 मार्च को प्रशिक्षण अधिकारी ऐन्सी रेजी एवं यशस्वी द्वारा दिया जाएगा. बतादें कि जनगणना के लिए मकानों की सूचीकरण 1 मई से 30 मई तक किया जाना है.

# इलाज के दौरान मौत

## ग्रामीणों ने अस्पताल में किया बवाल

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 05 मार्च.** रायसेन रोड पर संचालित एक अस्पताल में मरीज की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा काटा.

जानकारी के मुताबिक होली के दिन बुधवार लक्ष्मण धानक नाम के व्यक्ति निवासी बिलखिरिया की मौत का मामला सामने आया. लक्ष्मण पटेल नगर स्थित जैन बास्केट में काम करता था. वह मूल रूप से वह सागर के गढ़ाकोटा का रहने वाला था. तीन दिन पहले उसकी तबीयत खराब हो गई. इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल में इलाज के दौरान लक्ष्मण की मौत पर गांव के लोगों का डाक्टरों पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया. आरोप है कि ग्रामीणों ने इस दौरान अस्पताल के कुछ स्टाफ के साथ हाथापाई की. इसके बाद सड़क पर प्रदर्शन करने लगे. पुलिस ने स्थिति को जब संभालने की कोशिश की तो प्रदर्शन और उग्र हो गया. कार्रवाई करते हुए पुलिस घटना की जांच कर रही है.

# डॉग लवर्स के खिलाफ रहवासियों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, 5 मार्च.** राजधानी के करोद क्षेत्र में मैपल ट्री सोसाइटी के रहवासियों ने सड़क पर प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन सोसाइटी की डॉग लवर्स महिलाओं के खिलाफ किया गया. इस कॉलोनी में 50 से अधिक स्ट्रीट डॉग घूमते रहते हैं. ये कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों को अपनी शिकार बना चुके हैं.

घटनाओं की शिकायत नगर निगम में रहवासियों और पीड़ितों के द्वारा कई बार की जा चुकी हैं. स्ट्रीट डॉग को पकड़ने नगर निगम की टीम आता है, लेकिन सोसायटी में रहने वाली महिला डॉग लवर्स टीम को कार्रवाई करने से रोकती हैं. बताया जाता है कि इन महिलाओं की मैपल ट्री के रहवासियों ने पहले भी थाने में शिकायत कर चुके हैं. पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है. बताया जाता है कि जिन लोगों ने स्ट्रीट डॉग लवर्स के खिलाफ थाने में शिकायत की थी, उनमें से एक पीड़ित पर तो महिलाओं ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करवा दिया था.



> **इनका कहना है**
>
> यहां पर कॉलोनी में महिला डॉग लवर्स रहती हैं. वह नगर निगम को स्ट्रीट डॉग पकड़ने नहीं देती हैं. कॉलोनी के रहवासी परेशान स्ट्रीट डॉग और महिला डॉग लवर्स से परेशान है.
>
> **राहुल धूत, रहवासी, मैपल ट्री सोसायटी भोपाल**

**▶ तंग आकर किया प्रदर्शन**

बताया जाता है कि मैपल ट्री के रहवासियों ने स्ट्रीट डॉग के काटने और डॉग लवर्स की थाने में झूंठी शिकायतों को लेकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह डॉग लवर्स कॉलोनियों के रहवासियों को झूठे प्रकरण में थाने में बंद कराने की धमकी देते हैं. वहीं स्ट्रीट डॉग के आतंक से परेशान होकर यह प्रदर्शन किया गया.

**आयोजन ▸ पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था**

# होली मेला शांतिपूर्ण माहौल में शुरू

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 5 मार्च.** देहात थाना नजीराबाद क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी देव में होली मेला शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुआ. मेले में बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने आनंद लिया.

मेले में लगभग 01 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 130 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बल तैनात किया गया है, जो मेला स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए हुए है. मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है.पुलिस द्वारा पार्किंग व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था, मेला व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जा रहा है. पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है तथा आमजन से शांति एवं सौहार्द्र के साथ मेला संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की गई है. जिला पुलिस भोपाल (देहात) द्वारा मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध हो सके.





# आवारा पशुओं को भेजा कांजी हाउस

**भोपाल, 05 मार्च.** नगर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने गुरुवार को आवारा और घायल पशुओं को लेकर कार्रवाई की. यह पशु सार्वजनिक स्थल और मुख्य मार्गों पर घूमते या बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने की संभावना रहती है. उसी समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नगर निगम के अमले ने शहर के नेहरू नगर, कोटरा, पीएंडटी, लिंक रोड नं. 2 एवं 3, भदभदा सूरज नगर, साक्षी ढाबा, नीलबड़, बैरागढ़, रायसेन रोड, जेके रोड, इंद्रपुरी, जेल रोड मंडी, कल्पना नगर आदि क्षेत्रों में घूमते मिले 16 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया. वहीं हाका पार्टी ने सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 15 पशुओं को हांककर सड़कों से हटाया.